संख्याः– /XXVII (1)/2007

प्रेषक,

एल0एम0पन्त,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत,
(संलग्न विवरणानुसार)
उत्तराखण्ड।

वित्त अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांकः 11 अक्टूबर,2007

विषयः–12वॉ वित्त आयोग की संस्तुतियों पर वर्ष 2007–08 के लिए समस्त जिला पंचायतों को प्रथम किश्त हेतु संक्रमित धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 12वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुक्रम में प्रदेश की समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2007–08 की प्रथम छमाही किश्त के लिए कुल धनराशि रू0 32400000.00 (रू0 तीन करोड़ चौबीस लाख मात्र) को संलग्नक अनुसार निम्नलिखित शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल महोदय आवंटन की स्वीकृति प्रदान करते हैः–

2– संक्रमित की जा रही धनराशि वेतन एवं भत्तों आदि पर व्यय नही की जा सकेगी।

1– 12वॉ वित्त आयोग द्वारा संस्तुति की गई है कि संक्रमित धनराशि से परिसम्पत्तियों के निर्माण के साथ–साथ स्वजल धारा कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित पेयजल योजनाओं का पंचायतों द्वारा जनसहभागिता के आधार पर अनुरक्षण किया जाये और उनका संचालन किया जाये।

2– जिला पंचायतें अन्तर क्षेत्र पंचायतीय पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, पथ प्रकाश की व्यवस्था करेंगी तथा उन्हें प्रयोक्ता प्रभारों के रूप में आवर्ती लागत व्यय का 50 प्रतिशत हिस्सा वसूल करना चाहिए।

3–संक्रमित धनराशि से विकास सम्बंधी निर्माण कार्य कराए जा सकेंगे। 12वॉ वित्त आयोग ने अपेक्षा की है कि पंचायती राज संस्थाओं को इस धनराशि का उपयोग सेवाएं प्रदान करने हेतु किया जाना चाहिए, जैसे– जलापूर्ति तथा स्वच्छता। पंचायतों को स्वजलाधारा कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित जलापूर्ति परिसम्पत्तियों को अपने हाथ में लेकर उनका अनुरक्षण किया जाना चाहिए।

4–संक्रमित धनराशि का उपयोग 31 मार्च, 2008 तक किया जाना है। इसके बाद उपयोग अवधि बढ़ाने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

5– संक्रमित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर अगली किश्त अवमुक्त की जायेगी।

6– कोषागार से संक्रमित की जा रही धनराशि आहरित करने हेतु बिल सम्बंधित जिलाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

7—संक्रमित धनराशि का उपयोग केवल उसी कार्य हेतु किया जायेगा जिस कार्य के लिए धनराशि आवंटित की गई है। इसमें किसी प्रकार का व्यावर्तन/समायोजन अनुमन्य नहीं होगा।

8— प्रथम किश्त का उपयोगिता प्रमाण—पत्र होने पर ही दूसरी किश्त अवमुक्त की जायगी।

9— संक्रमित धनराशि के समुचित उपयोग के लिए विभागीय अधिकारी/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो उत्तरदायी होंगे।

10— उपयोगिता प्रमाण—पत्र सम्बंधित जिलाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर महालेखाकार, उत्तराखण्ड, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा सचिव, पंचायती राज उत्तराखण्ड शासन को भेजा जायेगा। प्रमाण—पत्र के साथ कराये गये कार्य का पूर्ण विवरण (कराये गये कार्य का नाम तथा व्यय की धनराशि संलग्न प्रारूप पर) भी भेजना होगा।

11— संक्रमित धनराशि वित्तीय वर्ष 2007—08 के आय—व्ययक की अनुदान संख्या—07 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 3604—स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन—आयोजनेत्तर—02—पंचायती राज संस्थायें— 196—जिला पंचायतें/परिषदें—01—केन्द्रीय आयोजनागत/ केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें— 0102—बारहवॉ वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान—20—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता के नामे डाला जायेगा।

संलग्नकः— यथोक्त।

भवदीय,

(एल0एम0 पन्त)
अपर सचिव।

संख्या 909(i)/ XXVII (1)/2007, तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यकता हेतु प्रेषितः—

1. सचिव, पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
2. आयुक्त गढ़वाल मण्डल/कुमॉऊ मण्डल, उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, पंचायती राज, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. निदेशक भारत सरकार, वित्त मंत्रालय व्यय विभाग, वित्त आयोग प्रभाग,ब्लाक 11, पंचम तल सी0जी0ओ0 कोम्पलेक्स नई दिल्ली।
7. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी /कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
8. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
9. एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।

आज्ञा से,

10/10/2007

(एल0एम0पन्त)
अपर सचिव।

शासनादेश संख्याः 909 / XXVII (1) / 2007
दिनांकः अक्टूबर 11 ,2007 का संलग्नक।

12वॉ वित्त आयोग द्वारा संस्तुत जिला पंचायतों को वर्ष 2007–08 की प्रथम छमाही किश्त हेतु देय अनुदान का विवरण।

(धनराशि रूपयें में)

क्र0सं0	जिला पंचायत का नाम	कुल देय धनराशि	आवंटित धनराशि
1	2	3	4
1	अल्मोड़ा	5538338	2769169
2	बागेश्वर	1962579	981289
3	चमोली	4613652	2306826
4	चम्पावत	1668269	834134
5	देहरादून	5311289	2655644
6	हरिद्वार	7283541	3641770
7	नैनीताल	3687306	1843653
8	पौड़ी गढ़वाल	13495589	6747795
9	पिथौरागढ़	4757008	2378504
10	रुद्रप्रयाग	2038328	1019164
11	टिहरी गढ़वाल	5405731	2702866
12	उत्तरकाशी	3561222	1780611
13	ऊधमसिंह नगर	5477148	2738575
योग		**64800000**	**32400000**

(रू0 तीन करोड़ चौबीस लाख मात्र)

(एल0एम0 पन्त) 10/10/2007
अपर सचिव, वित्त

12वॉ वित्त आयोग, भारत सरकार की संस्तुति के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्यो का विवरण।

क्षेत्र पंचायत का नामः–..... वित्तीय वर्ष .....

जनपद का नामः–.....

(धनराशि हजार रू0 में)

क्र0 सं0	,शासनादेश संख्या एवं दिनांक	धनराशि	शासनादेश प्राप्त होने की तिथि	कोषागार से आहरण की तिथि	कराये गये कार्य का विवरण (कार्य का नाम एवं उनकी संख्या)	व्यय की धनराशि
1	2	3	4	5	6	7

हस्ताक्षर
खण्ड विकास अधिकारी
क्षेत्र पंचायत (सील)